## गीडा में पत्नी-बच्चों पर फायरिंग का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। थाना गीडा क्षेत्र में घरेलू विवाद ने खतरनाक रूप ले लिया, जहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और बच्चों पर फायरिंग कर जान लेने का प्रयास किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके कब्जे से अवैध तमंचा भी बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, ग्राम जैतपुर निवासी अमित चन्द्र जायसवाल आए दिन शराब के नशे में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट करता था। घटना वाले दिन भी वह नशे में था और गाली-गलौज करते हुए अवैध तमंचा निकालकर पत्नी व बच्चों को धमकाने लगा। इसी दौरान उसने फायरिंग कर दी, हालांकि गोली महिला के बगल से निकल गई और वह बाल-बाल बच गई। पीड़िता की शिकायत पर थाना गीडा में हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

## अपराध निरोधक समिति की बैठक सम्पन्न

### समाज से घृणा समाप्त करना व सामाजिक सरोकार मुख्य उद्देश्य




फरेन्दा महराजगंज ।

उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के निर्देश पर जिला अपराध निरोधक समिति की बैठक चन्द्रा पब्लिक स्कूल मे जिला उपाध्यक्ष सुधेश मोहन श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे हुई बैठक का संचालन जिला सचिव श्रीनाथ दूबे ने किया।
बैठक को सम्बोधित करते हुये उपाध्यक्ष सुधेश मोहन श्रीवास्तव ने कहा की समिति का उद्देश्य अपराधियों से नही अपराध से घृणा करने की है समाज मे सरोकार कैसे बने-बढे इसपर काम करना होगा तथा अपराधिओं को भी सुधरने का मौका देना होगा जिससे एक अछे समाज की संरचना हो सके। बैठक का संचालन करते हुये जिला सचिव श्रीनाथ दूबे ने कहा की प्रदेश के निर्देश पर सेवा पथ पुस्तिका का प्रकाशन होने जा रहा जिसमे पूरे प्रदेश की भागीदारी होगी समिति का मुख्य उद्देश्य सभी पर्व नजर रखने व समाज विरोधी तत्वों के बारे मे पुलिस-और शासन को अवगत कराना है इसके आलावा मन्दिरो व अन्य सार्वजनिक स्थान पर शांति व्यवस्था व्यवस्था बनाये रखना है उन्होंने नयी सदस्या बनाने तथा पुरानी सदस्ता के नवीनी करण की बात भी कही। बैठक मे मुख्य रुप से कृष्ण कुमार पाण्डेय,पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता,विनय श्रीवास्तव, विष्णु देव त्रिपाठी,रमेश चंद श्रीवास्तव, मनोज जायसवाल, हरिनारायण यादव, राम शरण गुप्ता व प्रमोद कुमार सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## आमी समेत नदियों और जलस्त्रोतों को बचाने की उठी आवाज, जन आयोग गठन का निर्णय

**पानी की बात, आपके साथ विषय पर आयोजित सम्मेलन में जल प्रदूषण से बढ़ती गंभीर समस्याओं पर जताई गई चिंता**

गोरखपुर। पूर्वांचल में बढ़ते जल एवं नदी प्रदूषण, अतिक्रमण और पर्यावरण संकट को लेकर प्रेस क्लब सभागार में पानी की बात, आपके साथ विषय पर सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें आमी सहित क्षेत्र की नदियों, तालाबों और जलस्त्रोतों को बचाने के लिए जनआंदोलन चलाने का संकल्प लिया गया। साथ ही नदियों के किनारे जल पंचायतों के आयोजन की घोषणा की गई। म्मेलन को संबोधित करते हुए आमी बचाओ मंच के अध्यक्ष एवं कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह ने जल प्रदूषण से बढ़ती गंभीर समस्याओं पर चिंता जताते हुए कहा कि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में बड़ा जल संकट खड़ा होगा। नदियों को बचाने के लिए जनसंघर्ष और कानूनी लड़ाई तेज करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर शरद चन्द्र मिश्र एवं सामाजिक कार्यकर्ता अशोक चौधरी ने सम्मेलन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर आमी नदी को प्रदूषित करने वाले उद्योगों पर कठोर कार्रवाई, सीईटीपी की स्थापना, नदियों को अतिक्रमण और प्रदूषण से मुक्त कराने, फ्लड प्लेन व जलाशयों की भूमि पर विकास योजनाओं पर रोक, नदी प्रवाह में कृत्रिम बदलाव रोकने, नदी पर निर्भर लोगों के अधिकारों की गारंटी और कटान प्रभावितों के पुनर्वास की मांग की गई। इसके साथ ही नदियों के संरक्षण, स्वच्छ और निर्बाध प्रवाह तथा नदी पर निर्भर जनसमुदाय के अधिकारों की रक्षा के लिए जन आयोग गठन का निर्णय लिया गया, जिसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित होगी।

## वर्धान मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ, क्षेत्र को मिली आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की सौगात

### अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पताल शुरू, 24 घंटे विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध

गोरखपुर।

शहर के स्वास्थ्य क्षेत्र में रविवार को एक नई उपलब्धि जुड़ गई, जब गोरखपुर-देवरिया रोड स्थित कुनराघाट (AIIMS थाना के सामने) में वर्धान मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अस्पताल के शुरू होने से क्षेत्रवासियों को अब आधुनिक और उचस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. धर्मेन्द्र सिंह (एमएलसी, भाजपा) रहे, जबकि सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला ने फीता काटकर अस्पताल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आधुनिक चिकित्सा संस्थान क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और आमजन को बेहतर व सुलभ इलाज उपलब्ध कराते हैं। उद्घाटन समारोह में डॉ. शिशिर राय (पीडियाट्रिशियन), डॉ. योति



कुशवाहा (गाइनकोलॉजिस्ट), डॉ. दिव्या राय (डर्मेटोलॉजिस्ट), डॉ. आई. कुशवाहा (रेडियोलॉजिस्ट) तथा जितेन्द्र चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने अस्पताल की सुविधाओं की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात बताया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, यहां 24 घंटे विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा सेवाएं प्रदान की जाएंगी। अस्पताल में प्रसूति एवं स्त्री रोग, शिशु रोग, त्वचा रोग, सामान्य चिकित्सा, आपातकालीन सेवाएं, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही आईसीयू, अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर, स्वच्छ वार्ड और प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की व्यवस्था भी की गई है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया गया तथा अस्पताल परिसर का भ्रमण कर आधुनिक उपकरणों और व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। स्थानीय लोगों ने अस्पताल के उद्घाटन पर खुशी जताते हुए कहा कि अब उन्हें बेहतर इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि उनका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ मिल सके।

## लाइब्रेरियन के रिक्त पदों पर भर्ती की तैयारी, सांसद रमाशंकर राजभर की पहल पर राजभवन सख्त



**सलेमपुर सांसद ने कुलाधिपति को पत्र लिखकर उठाया था मुद्दा; राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी ने प्रमुख सचिव को दिए निर्देश**

**विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में वर्षों से खाली पड़े हैं पद; शासन से मांगी गई कृत कार्यवाही की विस्तृत रिपोर्ट**

देवरिया। उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में लाइब्रेरियन के रिक्त पदों पर भर्ती की सुगबुगाहट तेज हो गई है। सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद रमाशंकर राजभर द्वारा उठाए गए इस मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए राजभवन ने कड़ा रुख अपनाया है। राज्यपाल एवं कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी (अपर मुख्य सचिव स्तर) डॉ. सुधीर एम. बोबडे ने इस संबंध में प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग को पत्र जारी कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि सांसद रमाशंकर राजभर ने बीते 16 मार्च 2026 को कुलाधिपति (राज्यपाल) को संबोधित एक पत्र प्रेषित किया था। पत्र में उन्होंने प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में पुस्तकालयाध्यक्षों की भारी कमी और इसके कारण छात्रों के पठन-पाठन पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने मांग की थी कि रिक्त पदों पर तत्काल पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जाए ताकि पुस्तकालयों का संचालन सुचारु रूप से हो सके और युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें। सांसद के इस पत्र पर राजभवन ने त्वरित प्रतिक्रिया दी है। राज्यपाल सचिवालय द्वारा प्रमुख सचिव को भेजे गए पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि प्रश्नगत प्रकरण पर तत्काल कार्यवाही की जाए और इस संबंध में की गई प्रगति की रिपोर्ट सचिवालय को उपलब्ध कराई जाए। राजभवन की इस सक्रियता के बाद उच्च शिक्षा विभाग में खलबली मच गई है और अब रिक्त पदों का विवरण जुटाकर भर्ती प्रक्रिया की रूपरेखा तैयार की जा रही है। क्षेत्रीय शिक्षाविदों और बेरोजगार युवाओं ने सांसद रमाशंकर राजभर की इस पहल का स्वागत किया है। उनका मानना है कि लाइब्रेरियन के पदों पर वर्षों से भर्ती न होने के कारण कई संस्थानों में पुस्तकालय केवल नाममात्र के रह गए हैं। यदि यह भर्ती प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी होती है, तो प्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। अब सबकी नजरें शासन द्वारा की जाने वाली अगली कार्यवाही पर टिकी हैं।

## एएसपी ने परखी रिक्रूट आरक्षियों की व्यवस्था, जवानों के साथ बैठकर किया भोजन



**बैरक से लेकर मेस तक की सुविधाओं का लिया जायजा; गुणवत्तापूर्ण भोजन और साफ-सफाई पर दिया जोर**

देवरिया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों की कार्यप्रणाली और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनंद कुमार पाण्डेय ने थाना बघौचघाट का औचक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने थाने में प्रशिक्षण ले रहे नए जवानों के लिए की गई व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। एएसपी ने न केवल बैरकों और मेस की साफ-सफाई देखी, बल्कि एक अभिभावक की भूमिका में रिक्रूट आरक्षियों के साथ बैठकर जमीन पर बैठकर भोजन भी किया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने मेस, पेयजल आपूर्ति, शौचालय और बैरकों में प्रकाश व स्वच्छता की स्थिति की बारीकी से जांच की। उन्होंने थाना प्रभारी और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्रशिक्षण ले रहे जवानों को दी जाने वाली सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। विशेषकर मेस में भोजन की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। एएसपी ने स्पष्ट किया कि पुलिस बल की मजबूती उनके बेहतर स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति पर निर्भर करती है, जिसके लिए बुनियादी सुविधाओं का मानक के अनुरूप होना आवश्यक है। औपचारिक निरीक्षण के बाद एएसपी ने रिक्रूट आरक्षियों के साथ बैठक कर उनसे सीधा संवाद स्थापित किया। अनौपचारिक वातावरण में हुई इस बातचीत के दौरान उन्होंने जवानों से उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना तथा मौके पर ही उनके समाधान के लिए संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने नए आरक्षियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं बल्कि समाज सेवा का बड़ा उत्तरदायित्व है, जिसे अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ ही निभाया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान थाने की सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। एएसपी ने जवानों को जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार और कानून के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का मंत्र दिया। इस दौरान थाने के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## 49 लाख की रकम से दामोदरी पोखरा बाईपास मार्ग का हुआ शुभारंभ

### सड़क बनने से शहरवासियों के साथ ही आम लोगों को मिलेगी सहूलियत





निचलौल।

**पूजन के बाद सड़क बनने के लिए कार्य हुआ शुरू**

नगर पंचायत निचलौल के हरेंडीह वार्ड स्थित सिसवा व चिउटहा रोड को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण दामोदरी पोखरा बाईपास मार्ग के निर्माण कार्य का रविवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। चेयरमैन शिवनाथ मद्धेशिया ने वैदिक मंत्रोचार के बीच पूजन-अर्चन कर कार्य की शुरुआत की गई। इस दौरान वार्ड में उत्साह का माहौल रहा और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। चेयरमैन शिवनाथ मद्धेशिया ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के निर्माण से न केवल सिसवा और चिउटहा मार्ग के बीच सीधा संपर्क स्थापित होगा, बल्कि लोगों को आवागमन में भी बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि नगर पंचायत द्वारा विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी और सभी योजनाओं को समयबद्ध व गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि सड़क लंबे समय तक टिकाऊ बनी रहे। बता दें कि लगभग 400 मीटर लंबी इस सड़क का निर्माण पंडित दीनदयाल नगर विकास योजना के अंतर्गत करीब 49 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है। इस मार्ग के बन जाने से लोगों को आवागमन सुगम होगा और लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में चेयरमैन प्रतिनिधि सुनील मद्धेशिया मुन्ना, सभासद संजय पाण्डेय, शमशाद आलम, रंजीत चौरसिया, महेंद्र मिश्रा, रमेश, दिनेश कुमार, विवेक गुप्ता, नरेश यादव आदि मौजूद रहें।

## इमामचौक मुतवल्ली एक्शन कमेटी की पहल, यूपी बोर्ड 2026 के टॉपर्स होंगे सम्मानित

गोरखपुर। इमामचौक मुतवल्ली एक्शन कमेटी, गोरखपुर के तत्वावधान में यूपी बोर्ड परीक्षा-2026 में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान के लिए जल्द ही भव्य 'प्रतिभा सम्मान समारोह' आयोजित किया जाएगा। कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल्लाह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन कमेटी के संरक्षक एवं वरिष्ठ काउन्सलर खैरूल बशर के सानिध्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। संरक्षक खैरूल बशर ने बताया कि इस समारोह में केवल हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के टॉपर्स ही नहीं, बल्कि अन्य विभिन्न क्षेत्रों की परीक्षाओं में सफल प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को उपहार देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की जाएगी। कमेटी अध्यक्ष अब्दुल्लाह ने बताया कि सम्मान प्राप्त करने के इच्छुक छात्र-छात्राएं अपनी जानकारी एवं पंजीकरण के लिए गोरखपुर के बक्शीपुर स्थित हुसैनिया मदरसा बिल्डिंग (फाइन ऑफसेट प्रिंटर्स) पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने क्षेत्र के सभी मेधावी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

